# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

**Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001**

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 529 /752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 24/06/2023

## //अधिसूचना//

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर की अधिसूचना क्रमांक/443/752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 08/06/2023 द्वारा विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) पर दिनांक 09.06.2023 से प्रारंभ किया गया है। प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने, त्रुटि सुधार करने की तिथि दिनांक 09.06.2023 से 25.06.2023 तक निर्धारित किया गया है तथा प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.07.2023 निर्धारित है।

**स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से वंचित छात्र–छात्राओं के लिए द्वितीय चरण (Phase-II) में विश्वविद्यालय पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा प्रवेश हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारण किया जाता है :–**

### ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया – द्वितीय चरण

(प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की तिथि पश्चात् महाविद्यालय के अनुरोध पर संबंधित पाठ्यक्रम में पुनः ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात् सीट रिक्त रहने पर प्रवेश हेतु)

| क्र. | ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने, त्रुटि सुधार करने की तिथि | अध्ययनशाला/ महाविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम एवं विषय समूह वार आवेदकों की सूची पोर्टल से डाउनलोड करने की तिथि | अध्ययनशाला/ महाविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम एवं विषय समूह वार प्रवेश सूची जारी करने की तिथि | अध्ययनशाला/ महाविद्यालय स्तर पर आवेदकों के दस्तावेज परीक्षण एवं प्रवेश की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 26-06-2023 से 10-07-2023 तक | 11-07-2023 | 11-07-2023 | 11-07-2023 से 31-07-2023 तक |

आवेदक छात्र/छात्राओं एवं विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के लिए दिशा–निर्देश पृथक से संलग्न है।

**(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)**

कुलसचिव

**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**

**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक / 530 /752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 24/06/2023

प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर,
02. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
04. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,
05. कलेक्टर, जिला–बस्तर/कोण्डागॉव/कांकेर/नारायणपुर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा,
06. प्राचार्य, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,
07. कुलानुशासक/अधिष्ठाता छात्र कल्याण, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर
08. समस्त विभाग प्रमुख/समस्त विभागाध्यक्ष, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर
09. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,

– की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**

**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**

**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001
**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**
Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001
TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

## (1) ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया – आवेदक छात्र–छात्राओं हेतु निर्देश

01. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर की अधिसूचना क्रमांक/529/752/ अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 24/06/2023 द्वारा विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से वंचित छात्र–छात्राओं के लिए द्वितीय चरण (Phase-II) में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा प्रवेश हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। अधिसूचना का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bvvjdp.ac.in से कर लेंवे।

02. आवेदक छात्र–छात्राओं को अवगत कराया जाता है कि प्रथम चरण में निर्धारित तिथि दिनांक 09.06.2023 से 25.06.2023 तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने पश्चात् प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.07.2023 के पश्चात् **संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सीट रिक्त रहने पर ही द्वितीय चरण (Phase-II) में निर्धारित तिथि में विश्वविद्यालय पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओ के आवेदन पर संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश समिति द्वारा विचार किया जायेगा।**

03. **द्वितीय चरण (Phase-II) में विश्वविद्यालय पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए जिन महाविद्यालयों द्वारा जिस पाठ्यक्रम एवं विषय समूह के लिए पोर्टल में ऑनलाईन Admission Re-Open Request किया जायेगा, केवल उन्ही महाविद्यालयों में संबंधित पाठ्यक्रम एवं विषय समूह में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन कर सकेंगे।** द्वितीय चरण (Phase-II) में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से पूर्व विश्वविद्यालय के पोर्टल www.bvvjdpexam.in के माध्यम से द्वितीय चरण में जिन पाठ्यक्रमों एवं विषय समूह में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन किया जा सकता है, की सूची, उपलब्ध विषय समूह एवं सीट संख्या का अवलोकन ऑनलाईन कर सकते हैं।

04. प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले जिन छात्र–छात्राओं को मेरिट सूची में स्थान प्राप्त नहीं हुआ है और महाविद्यालय द्वारा उनके नाम/युजर आईडी को पोर्टल में **Add to Merit** नहीं किया गया है, ऐसे छात्र–छात्राओं तथा द्वितीय चरण में निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओं के नाम की समेकित सूची के आधार पर महाविद्यालयों द्वारा रिक्त सीट अनुसार मेरिट सूची नियमानुसार तैयार कर प्रवेश प्रक्रिया महाविद्यालयों में दिनांक 11.07.2023 से 31.07.2023 तक पूर्ण किया जायेगा।

**05. अन्य निर्देश निम्नानुसार है :–**

5.1 सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में छात्र–छात्राओं के प्रवेश हेतु प्रति ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क (त्रुटि सुधार शुल्क सहित) राशि रू. 100/– (एक सौ रूपये) निर्धारित है।

5.2 ऑनलाईन शुल्क भुगतान हेतु बैंक द्वारा लिए जाने वाले अन्य चार्जेस का भुगतान आवेदक को पृथक से करना होगा।

5.3 किसी एक पाठ्यक्रम जैसे बी.ए. भाग–एक में प्रवेश हेतु एक बार ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क का भुगतान कर एक से अधिक महाविद्यालय, जहॉं आवेदक छात्र/छात्रा द्वारा चयन किये गये पाठ्यक्रम/विषय समूह संचालित होते हैं, का चयन कर सकते है।

5.4 यदि महाविद्यालय द्वारा किसी एक पाठ्यक्रम जैसे बी.ए. भाग–एक के अन्तर्गत एक से अधिक विषय समूह निर्धारित किये गये हैं, तो आवेदक छात्र/छात्रा जिस विषय समूह के विषयों का अध्ययन करना चाहते हैं, उस विषय समूह का चयन कर सकते हैं। आवेदक छात्र/छात्रा एक से अधिक विषय समूह का चयन कर सकते हैं। महाविद्यालय द्वारा जारी की जाने वाली प्रवेश सूची में नाम होने पर उस विषय समूह में नियमानुसार प्रवेश ले सकते हैं।

5.5 आवेदक छात्र/छात्रा एक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत केवल एक विषय समूह में ही नियमानुसार प्रवेश ले सकते हैं। एक से अधिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अथवा एक ही पाठ्यक्रम के अन्तर्गत एक से अधिक विषय समूह में प्रवेश मान्य नहीं होगा।

5.6 पृथक–पृथक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पृथक–पृथक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करना होगा तथा पंजीयन एवं आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

5.7 प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा शुल्क भुगतान करेंगे तथा ऑनलाईन आवेदन करने पश्चात् आवेदन, भुगतान की गई शुल्क का रसीद प्रिन्ट आउट कर रख लेवें।

5.8 समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेज जैसे–कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं, स्नातक की अंकसूची की प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। (संबंधित बोर्ड/मंडल/विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची जारी नहीं करने की स्थिति में इंटरनेट पर जारी परीक्षा परिणाम की प्रति प्राचार्य से प्रमाणित कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।)

5.9 जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र जैसे आधार आदि की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।

5.10 स्थानातरंण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, संबंधित बोर्ड/मंडल द्वारा जारी माईग्रेशन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति प्रवेश के समय महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

5.11 प्रवेश से संबंधित छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं अकादमिक कैलेण्डर तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्यादेश का अवलोकन विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.bvvjdp.ac.in से कर सकते हैं।

5.12 शैक्षणिक सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से की जा रही है, की सूची का अवलोकन विश्वविद्यालय के वेबसाईट से कर सकते हैं।

5.13 प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से पूर्व विश्वविद्यालय के पोर्टल www.bvvjdpexam.in के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से की जा रही है, की सूची, उपलब्ध विषय समूह एवं सीट संख्या का अवलोकन ऑनलाईन कर सकते हैं।

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001
Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar
Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001
TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

## (2) ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया

विश्वविद्यालय के पोर्टल www.bvvjdpexam.in में स्नातक/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में ऑनलाईन एडमिशन के द्वितीय चरण **(Phase-II)** के लिंक पर Click करें एवं ऑनलाईन पंजीयन करें।

2.1 स्नातक/डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु **अर्हकारी परीक्षा 12वीं** का चयन करें।

2.2 अर्हकारी परीक्षा 12वीं में **संकाय** का चयन करें।

2.3 आवेदक जिस **पाठ्यक्रम** में प्रवेश लेना चाहते हैं, उस पाठ्यक्रम का चयन करें।

2.4 आवेदक कक्षा 12वीं की अंकसूची अनुसार **अपना नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम** अंग्रेजी में दर्ज करें।

2.5 **Gender एवं Category** का चयन करें।

2.6 आवेदक कक्षा 10वीं की अंकसूची अनुसार अपना **जन्म तिथि (Date of Birth)** दर्ज करें। दिनांक 01 जुलाई 2023 की स्थिति में आवेदक की आयु स्वतः प्रदर्शित होगी।

2.7 आवेदक अपना **ई–मेल आईडी** दर्ज करें।

2.8 आवेदक अपना **मोबाईल नंबर** दर्ज करें, जिसमें OTP प्राप्त करना चाहते हैं। Send OTP बटन पर क्लिक करें। आवेदक द्वारा दर्ज किये गये मोबाईल नंबर पर प्राप्त OTP को दर्ज कर Verify OTP बटन पर Click करें।

2.9 आवेदक द्वारा दर्ज किये गये मोबाईल नंबर पर SMS प्राप्त होगा जिसमें आवेदक का नाम, User ID एवं Password होगा।

2.10 प्राप्त User ID एवं Password से पोर्टल में लागिन करें और ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करें। शुल्क भुगतान करते समय इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। शुल्क भुगतान करते समय ट्रांजेक्शन आईडी को नोट कर लेवें। इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाईन शुल्क भुगतान करते समय किसी भी प्रकार की आर्थिक क्षति/नुकसान होने पर विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। आवेदक द्वारा ऑनलाईन पंजीयन शुल्क भुगतान करने पश्चात् आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं किये जाने अथवा प्रवेश नहीं मिलने पर भुगतान किये गये शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

2.11 आवेदक ऑनलाईन पंजीयन शुल्क भुगतान करने पश्चात् आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। चाही गई समस्त जानकारी दर्ज करें। स्थायी पता एवं वर्तमान/पत्राचार का पता आदि सही–सही दर्ज करें एवं Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.12 आवेदक अपना नवीनतम रंगीन, पासपोर्ट साईज फोटो जो 100–200 KB का हो, अपलोड करें। इसी प्रकार आवेदक अपना स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर जो 10–50 KB का हो, अपलोड करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.13 आवेदक अर्हकारी परीक्षा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम का विवरण सही–सही दर्ज करें एवं Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.14 आवेदक जिस महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं उस महाविद्यालय का चयन करें। आवेदक द्वारा पंजीयन करते समय जिस पाठ्यक्रम चयन किया गया है। वह पाठ्यक्रम जिस महाविद्यालय में संचालित होता है केवल उसी/उन्ही महाविद्यालय की सूची प्रदर्शित होगी। जिसमें से आवेदक एक या अधिक महाविद्यालय का चयन कर सकते हैं।

2.15 महाविद्यालय की सूची में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कांकेर को लाल रंग से प्रदर्शित किया गया है। यदि आवेदक उपरोक्त में से किसी एक महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं तो एक अथवा दोनों महाविद्यालय का चयन कर सकते हैं, परन्तु किसी एक महाविद्यालय में ही प्रवेश ले सकेंगे।

2.16 महाविद्यालय का चयन करने पश्चात् आवेदक द्वारा पंजीयन करते समय जिस पाठ्यक्रम चयन किया गया है, उस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रवेश हेतु महाविद्यालय हेतु निर्धारित किये गये विषय समूह में से एक या अधिक विषय समूह का चयन कर सकते हैं।

2.17 चयन किये गये प्रत्येक महाविद्यालय के लिए विषय समूह का चयन करने के पश्चात् Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.18 आवेदक अधिभार के संबंध में निर्देश का अवलोकन करें एवं प्रदर्शित की गई सूची में से एक या अधिक उपयुक्त अधिभार का चयन कर सकते हैं। अधिभार का चयन करने के पश्चात् Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.19 आवेदक संकाय परिवर्तन के संबंध में निर्देश का अवलोकन करें एवं संकाय परिवर्तन कर रहे हैं तो Yes का चयन करें। संकाय परिवर्तन नहीं कर रहे हैं तो No का चयन करें। Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.20 आवेदक स्वयं की कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण पत्र अथवा इंटरनेट पर जारी किये गये परीक्षा परिणाम के प्रिंट आउट को संबंधित स्कूल के प्राचार्य से अभिप्रमाणित कराकर अथवा स्वप्रमाणित कर अपलोड करें। Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.21 आवेदक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के वेबसाईट https://www.abc.gov.in के माध्यम से स्वयं का ABC ID बनाकर/प्राप्त कर दर्ज करें। Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

**नोटः** एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के माध्यम से प्राप्त ABC ID बनाने/प्राप्त करने के लिए दिये गये लिंक पर Click करें। प्राप्त ABC ID संबंधी पेज का प्रिंट आउट संभालकर रखें। महाविद्यालय में प्रवेश के समय पर ABC ID संबंधी पेज का प्रिंट आउट को महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

2.22 आवेदक आवेदन में दर्ज की गयी समस्त जानकारी आदि को जांच लेवें। किसी प्रकार की त्रुटि हो तो सुधार कर लेवें। Save बटन पर Click करें। तत्पश्चात Next बटन पर Click करें।

2.23 आवेदक घोषणा में उल्लेखित जानकारी का अवलोकन कर लेवें। सहमत होने पर I Agree & Accept का चयन करें। तत्पश्चात् Confirm & Submit बटन पर Click करें। पुनः Confirm बटन पर Click करें।

**नोटः– आवेदक यह विशेष ध्यान रखेंगे कि Confirm & Submit बटन तथा पुनः Confirm बटन पर Click नहीं करने पर आवेदन Submit नहीं होगा।**

2.24 आवेदक Confirm & Submit बटन तथा पुनः Confirm बटन पर Click करने पर जिस महाविद्यालय एवं जिस विषय समूह के लिए आवेदन किया गया है, का A4 साईज प्लेन व्हाईट पेपर में प्रिंट आउट कर लेवें।

2.25 यदि आवेदन में दर्ज की गई जानकारी में त्रुटि परिलक्षित हो तो Edit बटन पर Click करें। आवेदक द्वारा दर्ज किये गये मोबाईल नंबर पर OTP प्राप्त होगा। प्राप्त OTP को दर्ज कर त्रुटि सुधार करने पश्चात् Confirm & Submit बटन तथा पुनः Confirm बटन पर Click करें। तत्पश्चात जिस महाविद्यालय एवं जिस विषय समूह के लिए आवेदन किया गया है, का A4 साईज प्लेन व्हाईट पेपर में प्रिंट आउट कर लेवें।

2.26 जिस महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उस महाविद्यालय द्वारा जारी की प्रवेश सूची में नाम होने पर प्रवेश प्रक्रिया जैसे–शैक्षणिक दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र आदि का परीक्षण, प्रवेश शुल्क जमा करना आदि महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश समिति के निर्देशानुसार पूर्ण करें।

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

**Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001**

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in


## (3) विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों हेतु निर्देश

01. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर की अधिसूचना क्रमांक/529/752/ अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 24/06/2023 द्वारा विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने से वंचित छात्र–छात्राओं के लिए द्वितीय चरण (Phase-II) में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा प्रवेश हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। अधिसूचना का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bvvjdp.ac.in से कर लेंवे।

02. प्रथम चरण में निर्धारित तिथि दिनांक 09.06.2023 से 25.06.2023 तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने पश्चात् प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.07.2023 के पश्चात् **संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सीट रिक्त रहने पर ही द्वितीय चरण (Phase-II) में निर्धारित तिथि में विश्वविद्यालय पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओ के आवेदन पर संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश समिति द्वारा विचार किया जायेगा।**

03. **द्वितीय चरण (Phase-II) में विश्वविद्यालय पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए जो महाविद्यालय जिस पाठ्यक्रम एवं विषय समूह के लिए पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन प्राप्त करना चाहते हैं, उन पाठ्यक्रम एवं विषय समूह में Admission Re-Open Request करना अनिवार्य होगा।**

04. **द्वितीय चरण (Phase-II) में विश्वविद्यालय पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए जिन महाविद्यालयों द्वारा जिस पाठ्यक्रम एवं विषय समूह के लिए पोर्टल में ऑनलाईन Admission Re-Open Request किया जायेगा, केवल उन्ही महाविद्यालयों में संबंधित पाठ्यक्रम एवं विषय समूह में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन कर सकेंगे।**

05. प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले जिन छात्र–छात्राओं को मेरिट सूची में स्थान प्राप्त नहीं हुआ है और महाविद्यालय द्वारा उनके नाम/युजर आईडी को पोर्टल में **Add to Merit** नहीं किया गया है, ऐसे छात्र–छात्राओं तथा द्वितीय चरण में निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओं के नाम की समेकित सूची के आधार पर महाविद्यालयों द्वारा रिक्त सीट अनुसार मेरिट सूची नियमानुसार तैयार कर प्रवेश प्रक्रिया महाविद्यालयों में दिनांक 11.07.2023 से 31.07.2023 तक पूर्ण किया जायेगा।

06. विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष एवं प्रवेश प्रभारी तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रवेश प्रभारी छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं अकादमिक कैलेण्डर तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्यादेश के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगें।

07. विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना, महाविद्यालय से संबंधित जानकारी, महाविद्यालय में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त एवं विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों की सूची, उपलब्ध विषय समूह एवं सीट संख्या, प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता, कार्यरत शिक्षकों एवं उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल पर अनिवार्यतः प्रदर्शित करेंगे।

08. आवेदक छात्र / छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर महाविद्यालय के स्टॉफ को निर्देशित करेंगे।

09. महाविद्यालय में संचालित समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित सीट संख्या एवं समय–समय पर की गई सीट वृद्धि के अनुसार ही प्रवेश देना सुनिश्चित करेंगे। छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित सीट संख्या में समय–समय पर की गई सीट वृद्धि संबंधी आदेश की प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हुए संबद्धता हेतु आवेदन प्रेषित कर संबद्धता की प्रक्रिया अनिवार्यतः करेंगे।

10. महाविद्यालय में प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित विषय समूह के अनुसार प्राप्त होने वाले ऑनलाईन आवेदनों की सूची निर्धारित तिथि में पोर्टल से डाउनलोड करने की प्रक्रिया संलग्न है।

11. महाविद्यालय द्वारा संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु गुणानुक्रम के आधार पर जारी की गई प्रवेश सूची के अनुसार छात्र / छात्राओं की User ID को विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन Add to Merit करना एवं SMS करना अनिवार्य है। ताकि छात्र / छात्राओं को मेरिट सूची में उनके नाम आने की सूचना प्राप्त हो सके। जिन छात्र / छात्राओं की User ID को ऑनलाईन Add to Merit नहीं किया जायेगा। ऐसे छात्र / छात्राओं की User ID को पोर्टल में में Verified and Admitted कर लॉक नहीं किया जा सकेगा। अतः प्रवेश हेतु निर्धारित प्रत्येक चरण एवं मेरिट सूची जारी करने पर तत्काल उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

12. महाविद्यालय द्वारा संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु गुणानुक्रम के आधार पर जारी की गई प्रवेश सूची के अनुसार प्रवेशित छात्र–छात्राओं की User ID को प्रवेश के लिए निर्धारित अंतिम तिथि अनुसार पोर्टल में Verified and Admitted कर लॉक करना अनिवार्य है। प्रवेशित छात्र–छात्राओं की User ID को लॉक नहीं करने पर छात्र / छात्राओं को ऑनलाईन नामांकन एवं परीक्षा आवेदन नहीं कर सकेंगे। अतः प्रवेश हेतु निर्धारित प्रत्येक चरण एवं मेरिट सूची जारी करने पर तत्काल उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

13. समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेज जैसे–कक्षा 10वीं, 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति का मूल अंकसूची से मिलान करना अनिवार्य होगा। (संबंधित बोर्ड / मंडल / विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची जारी नहीं करने की स्थिति में इंटरनेट पर जारी परीक्षा परिणाम की प्रति प्राचार्य से प्रमाणित कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।)

14. आवेदक द्वारा जमा किये गये स्थानातरंण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, संबंधित बोर्ड / मंडल द्वारा जारी माईग्रेशन प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र जैसे आधार आदि की छायाप्रति का मूल प्रति से मिलान परीक्षण करना अनिवार्य होगा।

15. प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के एक सप्ताह के भीतर प्रवेशित छात्र–छात्राओं की निर्धारित प्रारूप में संख्यात्मक जानकारी एवं पाठ्यक्रमवार सूची विश्वविद्यालय में प्रेषित करेंगे।